**फ़ाइल -12012/06/2021-सीसी- एमओएसपीआई**
**कंप्यूटर केंद्र**
**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**

**विषय: सहयोग के लिए अनुरोध**

## 1. कंप्यूटर केंद्र के बारे में:

कंप्यूटर सेंटर, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एम ओ एस पी आई) का एक संबद्ध कार्यालय है जो ईस्ट ब्लॉक 10, आर के पुरम सेक्टर -1, नई दिल्ली - 110066 में स्थित है। यह कार्यालय एम ओ एस पी आई की आईटी / तकनीकी शाखा के रूप में कार्य करता है और एम ओ एस पी आई द्वारा जारी उत्पादों / रिपोर्टों / आंकड़ों का प्रसार करता है। कंप्यूटर सेंटर एम ओ एस पी आई वेबसाइट का प्रबंधन करता है और डेटा एनालिटिक्स और विज़ुअलाइज़ेशन सहित एम ओ एस पी आई के लिए कामकाज की सहायता के लिए आई टी एप्लिकेशन / उत्पादों के विकास की देखरेख भी करता है।

सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध आंकड़ों पर केंद्र द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं में सहयोग करने के लिए पात्र छात्रों को आमंत्रित किया जाता है। सेंटर के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में ऑनसाइट/ऑफसाइट परियोजना निष्पादन के संदर्भ में सहयोग हो सकता है।

## 2. पात्रता :

(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के भारतीय छात्र जिन्होंने सांख्यिकी / गणित / अर्थशास्त्र / कंप्यूटर विज्ञान / कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक या उससे उच्चतर डिग्री प्राप्त की है, पात्र होंगे। छात्र एक कोर्स विषय के रूप में सांख्यिकी / अर्थशास्त्र / गणित का अध्ययन किया होना चाहिए। छात्र की अंडर ग्रेजुएट कोर्स में कम से कम एक वर्ष की पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।

(ख) आयु - 18 वर्ष और उससे अधिक ।

(ग) उपर्युक्त के अनुसार न्यूनतम योग्यता रखने से सहयोग की गारंटी नहीं मिलेगी। डेटा बेस / जावा स्क्रिप्ट / पायथन के ज्ञान रखने वाले को वरीयता दी जाएगी।

## 3. सहयोग की अवधि:

अवधि सामान्य रूप से दो महीने की होगी और जिसे उम्मीदवार के कार्य निष्पादन और कंप्यूटर सेंटर की आवश्यकता के आधार पर बढ़ाई जा सकती है।

| क्रम संख्या | सहयोग के विस्तृत इंडिकेटीव क्षेत्र |
|---|---|
| 1. | एमओएसपीआई के संखिकीय उत्पादों का डेटाबेस प्रबंधन |
| 2. | मशीन लर्निंग |
| 3. | डेटा एनालिटिक्स और विज़ुअलाइज़ेशन |
| 4. | DevOps |
| 5. | ओपेन ए पी आई |
| 6. | उपयोक्ता इंटरफ़ेस / उपयोक्ता अनुभव (यू आई /यू एक्स) |
| 7. | मेटा डेटा तैयार करना |

आमित कुमार

| | |
|---|---|
| 8. | डेटा एनालिटिक्स और विज़ुअलाइज़ेशन |
| 9. | परियोजना दस्तावेज़ीकरण |

**4. स्थान:**

सहयोग ऑफसाइट/ऑनसाइट होगा और परियोजना की आवश्यकतानुसार कार्य अवधि लचीली होगी।

**5. आवेदन कैसे करें:**

(क) इच्छुक और योग्य छात्र निर्धारित प्रारूप में amit.k89@gov.in को अपना आवेदन भेजें।

(ख) आवेदकों को वरीयता के संदर्भ में अपनी रुचि के क्षेत्र को भी स्पष्ट रूप से इंगित करना होगा।

**(6) चयन:**

(क) 2023 जून से शुरू होने वाले महीने के प्रथम 15 दिनों में प्राप्त आवेदनों के आधार पर सहयोगियों को कंप्यूटर सेंटर द्वारा शॉर्टलिस्ट और चुना जाएगा अर्थात 15 जून, 2023 तक प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और फिर हर पंद्रह दिनों के बाद यह प्रक्रिया दोहराई जाएगी। कंप्यूटर सेंटर की आवश्यकतानुसार यह अवसर पूरे वर्ष उपलब्ध होगा।

(ख) कंप्यूटर सेंटर अपनी विवेकाधिकार से बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए सभी अधिकार सुरक्षित रखता है।

(ग) किसी भी मामले में अपूर्ण आवेदन नहीं माना जाएगा।

(घ) चयनित उम्मीद्वारों को अगले महीने के 10 वें दिन तक सूचित किया जाएगा। उनके चयन के 7 दिनों के भीतर उनको अपनी सहमति भेजनी होगी तथा ज्वाइन करना होगा।

**7. प्रमाणपत्र:**

(क) सहयोग के लिए कंप्यूटर सेंटर द्वारा प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे और परियोजना में उचित क्रेडिट (श्रेय) सेंटर की संतुष्टि के अधीन दिया जाएगा।

**8. पारिश्रमिक:**

यह पूरी तरह से शैक्षणिक व्यवस्था है और इसके लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

**9. अन्य शर्तें:**

क. कंप्यूटर सेंटर यदि यह समझता है की व्यक्ति विशेष की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो बिना कोई कारण बताये तत्काल प्रभाव से सहयोग से हटा सकता है।

ख. सहयोग की समाप्ति पर व्यक्ति को कंप्यूटर सेंटर को सभी कागजात, उपकरण या अन्य संपत्ति को सौंपना होगा जो अपने परियोजना कार्य के दौरान कंप्यूटर सेंटर द्वारा दिया गया है।

(ग) यदि कंप्यूटर सेंटर की जानकारी में यह आता है कि जिस व्यक्ति की सेवाएं कंप्यूटर सेंटर द्वारा समाप्त कर दी गई हैं, वह इस प्रकार से कार्य करना जारी रखता है जिससे यह आभास हो कि वह अभी भी कम्प्यूटर सेंटर के लिए कार्य कर रहा है तो कम्प्यूटर सेंटर ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।

(घ) यह सहयोग न तो रोजगार है और न ही कप्यूटर सेंटर के साथ रोजगार का आश्वासन है।

*******

अमितकुमार

**अनुलग्नक-।**

**आवेदन प्रारूप**

रूचि का क्षेत्र:

| नवीनतम फोटो चिपकाएँ |
|---|

1. पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में):
2. पिता / पति का नाम:
3. स्थायी पता:
4. पत्राचार का पता:
5. संपर्क नंबर और ईमेल आईडी:
6. जन्म तिथि:
7. राष्ट्रीयता:
8. शैक्षिक / व्यावसायिक योग्यता:

| विश्वविदद्यालय/ बोर्ड का नाम | डिग्री/ उत्तीर्ण अंतिम परिक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | स्ट्रीम / विषय | % अंक / सीजीपीए |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

(आवेदक के स्व प्रमाणित पहचान पत्र, जिस संस्थान से आवेदक ने अंतिम पढ़ाई की हो अथवा जहाँ वर्तमान में पंजीकृत है ।)

**घोषणा**

मैं एतदद्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत कोई भी विवरण गलत या छुपाया हुआ पाया जाता है तो चयन प्रक्रिया के दौरान या बाद में किसी भी स्तर पर मेरी उमीद्दवारी निरस्त कर दी जाएगी। इसके अलावा, मैं समझ गया हूँ कि यह सहयोग किसी भी वित्तीय लाभ के बिना विशुद्ध रूप से अकादमिक सहयोग है। यदि यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत विवरण गलत या छुपाया गया है तो इस कार्यालय में मेरा अनुबंध (एंगेजमेंट) बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जाएगी। मैं एतटद्वारा यह भी वचन देता हूँ की कंप्यूटर सेंटर को मेरे द्वारा सहयोग की अवधि के दौरान किए गए कार्यों अथवा अन्यथा हुई छति की छतिपूर्ति करूँगा ।

स्थान:

आवेदक के हस्ताक्षर:

तिथि:

उम्मीदवार का नाम: